web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 07 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 218

# सुरक्षाबलों का आतंक पर कड़ा प्रहार, राजौरी और बारामूला मुठभेड़ में 2 आतंकवादी ढेर; गोला-बारूद बरामद

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के सफाए के लिए सेना ऑपरेशन त्रिनेत्र चला रही है। इसके तहत सेना ने राजौरी और बारामुला में दो आतंकियों को मार गिराया है। वहीं, एनकाउंटर में बलिदान हुए 5 जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। हालात को देखते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख मनोज पांडे आज शनिवार (6 मई 2023) को जम्मू-कश्मीर जाएँगे।

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के करहामा कुंजर इलाके में शनिवार (6 मई 2023) की सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। इलाके में और भी आतंकियों के छिपे होने की खबर है और दोनों तरफ फायरिंग जारी है।

पुलिस ने बताया कि उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सुरक्षा बलों की एक टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी। जब सुरक्षाबलों ने आतंकियों से सरेंडर करने को कहा तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी।

एसएसपी अमोद अशोक नागपुरे ने बारामूला एनकाउंटर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मारा गया आतंकी दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले का रहने वाला था और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था। मारे गए आतंकी की पहचान आबिद वानी के रूप में हुई है। उसके पास से AK-47 बरामद किया गया है।

वहीं, राजौरी में भी सुरक्षाबलों का आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी है। भारतीय सेना ने बताया कि गोलाबारी में एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। वहीं, एक अन्य आतंकी के घायल होने की संभावना है। अब तक की गई बरामदगी में एक AK-56, 4 मैग, 56 राउंड मैग के साथ 1&9mm व पिस्टल, 3 ग्रेनेड और 1 गोला बारूद शामिल हैं। मारे गए आतंकी की पहचान की जा रही है।



बता दें कि शुक्रवार (5 मई 2023) को जम्मू क्षेत्र के राजौरी इलाके के कांडी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के दौरान पाँच जवान बलिदान हो गए थे। मुठभेड़ के दौरान धमाके की वजह से जवानों की जान गई। माना जा रहा है कि आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया।

दरअसल, धूरियन के तोता गली इलाके में आतंकियों ने 21 अप्रैल 2023 को आतंकियों ने सेना के जवानों पर घात लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में भी 5 जवान बलिदान हो गए थे। इसके बाद से सेना ने आतंकियों के सफाए का अभियान शुरू किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज जम्मू का दौरा करेंगे। वहीं, उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आज सुबह उड़ान भरी और चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान 'त्रिनेत्र' की समीक्षा की।

## राजौरी में शहीद जवानों के हत्यारे आतंकवादियों को तलाशा जाएगा : रक्षा मंत्री राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात सैनिकों से बातचीत की और स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों का पता लगाया जाएगा। राजनाथ सिंह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख मनोज पांडे के साथ राजौरी में सेना के डिवीजन मुख्यालय पहुंचे। जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) उत्तरी कमान, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और फील्ड कमांडरों ने रक्षा मंत्री को कंडी जंगल और राजौरी और पुंछ जिलों के अन्य क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बारे में जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों को मारने वाले आतंकवादियों को हर कीमत पर खोजा जाएगा। सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कथित तौर पर कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। राजौरी से वापस जम्मू के लिए उड़ान भरने के बाद, रक्षा मंत्री दोपहर में नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को कंडी वन क्षेत्र में आतंकवादियों के हमले में एलीट पैरा कमांडो समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया जबकि एक अन्य के घायल होने की खबर है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के वजीरपुर में ट्रक में लगी आग, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के वजीरपुर में एक ट्रक में अचानक आग लग गई। हालांकि चालक आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, घटना रात 2 बजे हुई। कुछ लोगों ने पीसीआर को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल अधिकारी ने बताया कि दमकल की दो गाडिय़ों को मौके पर भेजा गया और काफी मशक्कत के बाद उन्होंने आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी ने कहा, ट्रक में सामान लदा हुआ था और आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। चालक समय रहते ट्रक से कूदकर खुद को बचाने में सफल रहा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक में गत्ते लदे हुए थे।

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में लश्कर आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर(आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के करहामा कुंजर इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक सदस्य मारा गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, मारे गए आतंकवादी की पहचान आबिद वानी के रूप में हुई है, जो मोहम्मद रफीक वानी का बेटा है। आबिद वानी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़ा था। उसके पास से एके 47 राइफल बरामद की गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके की घेराबंदी करने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने जवाब दिया। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई मुठभेड़ हुई है जिसमें अनेक आतंकवादी मारे गए हैं।

### अमेरिका में इस सीजन में फ्लू से 149 बच्चों की मौत

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिका में इस सीजन में बच्चों में होने वाले फ्लू से 149 बच्चों की मौत हो गई है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इस मौसम में अब तक कम से कम 2.6 करोड़ लोग फ्लू की चपेट में आए हैं। इनमें से 2,90,000 अस्पताल में भर्ती हुए हैं, और फ़्लू से 19,000 मौतें हुई हैं। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 अप्रैल को समाप्त हुए नवीनतम सप्ताह में 900 से अधिक लोगों को फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीडीसी अनुशंसा करता है कि जब तक फ्लू की लहर जारी रहती है, तब तक छह महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

### अमेरिकी एफ16 लड़ाकू जेट एयर बेस के पास दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित बच निकलने में कामयाब

**सोल/प्योंगटेक।** अमेरिकी सेना कोरिया (यूएसएफके) एफ-16 लड़ाकू जेट शनिवार को ओसान एयर बेस के पास एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, पायलट सुरक्षित रूप से बच गया और किसी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सोल से 60 किलोमीटर दक्षिण में प्योंगटेक में सुबह करीब 9.30 बजे दुर्घटना हुई। जेट एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप विमान अधिकतर नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि लेकिन किसी के हताहत होने या किसी नागरिक के नुकसान की खबर नहीं है क्योंकि सौभाग्य से आसपास कोई घर नहीं था। यूएस 51वीं फाइटर विंग ने बाद में घोषणा की कि दुर्घटना सुबह करीब 9.45 बजे ओसान एयर बेस के पास एक मैदान में हुई, पायलट को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल दिया गया और नजदीकी चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। इसने कहा कि पायलट नियमित प्रशिक्षण उड़ान में हिस्सा ले रहा था और दुर्घटना की जांच की जा रही है।

# एयर इंडिया के विमान में बिच्छू ने महिला को काटा, नागपुर से मुंबई जा रही फ्लाइट में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागपुर से मुंबई जा रहे एयर इंडिया के विमान में सवार महिला यात्री को बिच्छू ने काट लिया। घटना से हडक़ंप मच गया। विमान से मुंबई एयरपोर्ट पर संदेश भेजा गया कि डॉक्टर के साथ तैयार रहिए। प्लेन के एयरपोर्ट पहुंचने के बाद तुरंत महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है।




बताया जा रहा है कि घटना 23 अप्रैल 2023 की है। एयर इंडिया के अनुसार, एआई 630 फ्लाइट में एक यात्री को बिच्छू ने काट लिया था। प्लेन के एयरपोर्ट पर लैंड होते ही महिला यात्री को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हमारे अधिकारी महिला के साथ अस्पताल गए और डिस्चार्ज होने तक यात्री को हर संभव की मदद दी।

एयर इंडिया ने कहा, हमारी टीम ने प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान का पूरा निरीक्षण किया। विमान में कीड़े मारने वाली गैस छोड़ी गई जिससे बिच्छू पाया गया। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद एयर इंडिया ने कैटरिंग विभाग से धुलाई सेवाएं मुहैया कराने वालों को यह सलाह देने को कहा कि वे इस बात की जांच करें कि कहीं उनके यहां कीट तो नहीं फैल रहे और यदि जरूरी हो तो कीट नियंत्रण करें। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में एक फ्लाइट कार्गो में सांप घुस गया था। इससे पहले एक विमान में चिडिय़ा घुस गई थी।

# मणिपुर हिंसा में 54 की मौत और 150 से ज्यादा घायल

**❒ सड़कों पर जवानों की गश्त**



**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर में हुई जातीय हिंसा में मरने वालों की संख्या बढक़र 54 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, गैर आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हिंसा में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और 150 से अधिक घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि आधिकारिक मृतक संख्या 54 हैं जिनमें से 16 शव चुराचांदपुर जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखे गए हैं, जबकि 15 शव इंफाल पूर्वी जिले के जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में रखे गए हैं। अधिकारी ने कहा कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल में क्षेत्रीय चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने 23 लोगों के मरने की सूचना दी है। इस बीच, चुराचांदपुर जिले में शुक्रवार रात 2 अलग-अलग मुठभेड़ों में 5 उग्रवादी मारे गए और इंडिया रिजर्व बटालियन के दो जवान घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि चुराचांदपुर जिले के सैटन में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 4 उग्रवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि टोरबंग में उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाईं, जिसके चलते सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया और आईआरबी के दो जवान घायल हो गए।

रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कुल 13,000 लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला गया और सुरक्षित आश्रयों में स्थानांतरित किया गया। कुछ को सेना के शिविरों में भेज दिया गया क्योंकि सेना ने चुराचांदपुर, मोरेह, काकचिंग और कांगपोकपी जिलों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। रक्षा अधिकारी ने शुक्रवार रात कहा, पिछले 12 घंटे में इंफाल पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आगजनी की छिटपुट घटनाएं हुईं। असामाजिक तत्वों की ओर से नाकेबंदी करने का प्रयास देखा गया। हालांकि, स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है।

**हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से निकाले गए 13 हजार लोग-** शव इंफाल पूर्व और पश्चिम, चुराचांदपुर और बिशेनपुर जैसे जिलों से लाए गए हैं। गोली लगने से घायल कई लोगों का इलाज रिम्स और जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में भी चल रहा है। पीआरओ ने कहा, सुरक्षा बलों की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया के कारण हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों के विभिन्न अल्पसंख्यक इलाकों से सभी समुदायों के नागरिकों को निकाला गया। इसके चलते चुराचांदपुर, कांगपोकपी, मोरेह और काकचिंग अब पूरी तरह से नियंत्रण में हैं और कल रात से किसी बड़ी हिंसा की सूचना नहीं है।

# एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के संचालन पर रोक, जम्मू-कश्मीर में क्रैश होने के बाद सेना ने लिया फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार (4 मई) को हुए भारतीय सेना का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर क्रैश मामले में एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, रक्षा बल ने एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के संचालन को रोक दिया है। गौरतलब है, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टरों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं के बाद से यह हेलिकॉप्टर मैदान में ही खड़े हैं। इन हेलिकॉप्टरों को उड़ान भरे करीब एक महीने से अधिक का समय हो गया है।




जम्मू संभाग के किश्तवाड़ के दूर-दराज इलाके में सेना का ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुआ था। इसमें तीन लोग सवार थे। तीनों जख्मी हुए। उन्हें इलाज के लिए उधमपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया था।

मामले को लेकर सेना की तरफ से आए बयान में कहा गया था कि गुरुवार को करीब सवा ग्यारह बजे ऑपरेशनल मिशन पर रवाना हुए ध्रुव हेलीकॉप्टर ने किश्तवाड़ की मरुआ नदी के तट पर लैंडिंग के दौरान हादसे की चपेट में आया था। जानकारी के मुताबिक, पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना दी थी।

इसके तुरंत बाद बचाव अभियान मौके पर रवाना हुआ। सेना की बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं। विमान में दो पायलट और एक टेक्नीशियन सवार थे। तीनों घायल कर्मियों को उधमपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया है। मामले में कोर्ट ऑफ इंचयरी के आदेश दे दिए गए हैं। गौरतलब है कि 16 मार्च को अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला चीता हेलीकॉप्टर एटीसी से संपर्क टूटने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में दोनों पायलटों लेफ्टिनेंट कर्नल विनय बानू रेड्डी और मेजर जयंता ए की मौत हो गई। इस मामले में हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंचयरी के आदेश दिए गए हैं।

# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर गाड़ी पेड़ से टकराई, तीन महीने के बच्चे समेत चार की मौत

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह हुए सडक़ हादसे में आगरा से दिल्ली जा रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर सेक्टर 160 के पास अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर और फिर पेड़ से जा टकराई। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चार की मौत हो गई है। एक्सीडेंट के बाद स्विफ्ट डिजायर गाड़ी की दशा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार की रफ्तार कितनी ज्यादा रही होगी। पेड़ से टकराने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंचे थाना नॉलेज पार्क प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दिल्ली निवासी कार्तिक गुप्ता अपनी पत्नी शिवानी, साली शीतल और बुआ सुमन गुप्ता तथा कार्तिक के तीन माह के बेटे के साथ आगरा में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद दिल्ली वापस लौट रहे थे। सुबह करीब 5 बजे सेक्टर 160 के पास उनकी तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर गाड़ी डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई। गाड़ी में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



विनोद कुमार ने बताया कि कार्तिक गुप्ता और उनकी साली शीतल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। सुमन गुप्ता और कार्तिक गुप्ता के तीन माह के बच्चे को फेलिक्स हॉस्पिटल, सेक्टर-137 में एडमिट कराया गया जहां बच्चे ने दम तोड़ दिया। कार्तिक गुप्ता की पत्नी शिवानी को जेपी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर मृतकों के परिजन मौके पर पहुंच चुके हैं। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# दिल्ली में भी बरसेंगे बादल, हिमाचल में ओले; कई राज्यों में चक्रवाती तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मौसम के ट्रेंड में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। अप्रैल और मई के महीने में भी लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। बीते कुछ वर्षों में ऐसी परिस्थिति कभी नहीं देखने को मिली है। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि आज से देश के कुछ हिस्सों में तापमान में वृद्धि हो सकती है। लेकिन साथ ही कुछ इलाके चक्रवाती तूफान की चपेट में भी आने वाले हैं। समुद्र से सटे ओडिशा और पश्चिम बंगाल के अलावा इसके आसपास के राज्यों के लोग भी इससे प्रभावित होंगे।



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को 7 मई से 10 मई के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है। इसके कारण 7 मई के आसपास इसी क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की भी संभावना है। आईएमडी ने यह भी कहा है कि, 8 मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व में चक्रवाती तूफान आने की संभावना है।

7 मई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अधिकांश स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। 8-10 मई के दौरान भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान आस-पास के क्षेत्रों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। यह गति 70 को भी पार सकती है। 10 मई के बाद से हवा की गति 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढक़र 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक होने की प्रबल संभावना है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक, दिल्ली में आज भी बारिश हो सकती है। साथ ही आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इसका मतलब यह हुआ कि दिल्ली वालों को अभी गर्मी से राहत मिलती रहेगी। हालांकि, यह राहत कब तक जारी रहेगी, इसके बारे में अभी कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में तापमान 21 से 35 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

वहीं आईएमडी के मुताबिक 6 मई को पंजाब में अलग-अलग जगहों पर बिजली और तेज आंधी (30-40 किमी. प्रति घंटे की हवा) के साथ और हिमाचल प्रदेश में बिजली के साथ ओले गिरने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में खराब मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही कई राज्यों में आंधी के साथ बिजली गिरने की उम्मीद है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश और रायलसीमा में बिजली गिरने के साथ आंधी आने की संभावना है। इसके अलावा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में बिजली गिरने के साथ आंधी आ सकती है।